Downloaded From :http://cbseportal.com/

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र—2019

कक्षा—12

नागरिकशास्त्र

(केवल प्रश्नपत्र)

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

नोटः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

निर्देशः —
(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न संख्या—1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं।
(iii) प्रश्न संख्या—11 से 20 तक अतिलघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।
(iv) प्रश्न संख्या—21 से 26 तक लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।
(v) प्रश्न संख्या—27 से 30 तक के प्रश्नों में प्रत्येक का उत्तर लगभग 100—125 शब्दों में देना है।
(vi) प्रश्न संख्या—31 एवं 32 तक के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।
(vii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

नोटः— निम्नलिखित दस प्रश्नों में प्रत्येक के चार विकल्प दिये गये हैं। इनमें से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर—पुस्तिका में लिखिए :

1— 'लेवियाथन' पुस्तक का लेखक कौन है? 1

(अ) हाब्स (ब) लॉक

(स) रुसो (द) ग्रीन।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From :http://cbseportal.com/

2– “मनुष्य स्वभाव से राजनीतिक प्राणी है।” यह किसने कहा है? 1

(अ) अरस्तू (ब) प्लेटो

(स) सुकरात (द) हाब्स

3– स्वतंत्रता तथा समानता एक–दूसरे के – 1

(अ) पूरक हैं (ब) विरोधी हैं

(स) पूरक भी हैं, विरोधी भी (द) इनमें से कोई नहीं।

4– विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष किस तिथि को मनाया जाता है? 1

(अ) 15 अगस्त (ब) 2 अक्टूबर

(स) 5 जून (द) 5 मई।

5– “राज्य एक आवश्यक बुराई है।” यह कथन है – 1

(अ) व्यक्तिवादियों का (ब) समाजवादियों का

(स) आदर्शवादियों का (द) इनमें से किसी का भी नहीं।

6– अधिकारों के कानूनी सिद्धांत का प्रतिपादक कौन था? 1

(अ) हाब्स (ब) लॉक

(स) रुसो (द) बेन्थम।

7– उत्तर प्रदेश की प्रथम महिला राज्यपाल कौन थी? 1

(अ) श्रीमती सुचेता कृपलानी (ब) सुश्री मायावती

(स) श्रीमती विजय लक्ष्मी (द) श्रीमती सरोजनी नायडू।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From :http://cbseportal.com/

8— लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है— 1

(अ) शिक्षित नागरिक (ब) समाचार—पत्र

(स) निष्पक्ष मतदान (द) राजनीतिक दल।

9— न्यायपालिका का कार्य है — 1

(अ) कानून बनाना (ब) राष्ट्रपति का चुनाव करना।

(स) संविधान की रक्षा करना (द) अध्यादेश निर्गत करना।

10— सरकार के अंगों की संख्या कितनी है? 1

(अ) एक (ब) दो

(स) तीन (द) चार।

(अतिलघु उत्तरीय प्रश्न)

11— लोक—कल्याणकारी राज्य की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

12— नागरिकों के दो राजनीतिक अधिकारों का उल्लेख कीजिए। 2

13— उन दो राज्यों के नाम लिखिए जहाँ द्विसदनात्मक व्यवस्थापिका है? 2

14— भारत के दो राष्ट्रीय राजनीतक दलों के नाम लिखिए। 2

15— कार्यपालिका के दो प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए। 2

16— केन्द्रशासित प्रदेशों की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From :http://cbseportal.com/

17— शीतयुद्ध का क्या अर्थ है? 2

18— न्यायपालिका के दो कार्यों का उल्लेख कीजिए। 2

19— दो वैश्विक संगठनों के नाम लिखिए। 2

20— संघ लोक सेवा आयोग के दो कार्यों का उल्लेख कीजिए। 2

(लघु उत्तरीय प्रश्न—1)

21— समाजवाद के प्रमुख सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए। 5

22— पर्यावरण प्रदूषण के प्रति नागरिकों के प्रमुख दायित्वों का उल्लेख कीजिए। 5

23— राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है? राज्यपाल की चार कार्यपालिका शक्तियों का उल्लेख कीजिए। 1+4

24— भारतीय जनजातियों की आर्थिक समस्याओं का उल्लेख कीजिए। 5

25— राष्ट्रमण्डल के प्रमुख उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए। 5

26— पंचायती राजव्यवस्था में कितने स्तर हैं? जिला पंचायत के प्रमुख कार्यों का उल्लेख कीजिए। 2+3

(लघु उत्तरीय प्रश्न—2)

नोट— प्रश्न संख्या 27 से 30 तक के प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक लगभग 100—125 शब्दों में देना है।

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From :http://cbseportal.com/

27— आधुनिक राज्यों में कार्यपालिका के किन्हीं चार कार्यों का उल्लेख कीजिए। कार्यपालिका को स्वतंत्र तथा निष्पक्ष बनाये रखने के प्रमुख उपायों की विवेचना कीजिए। ½+½+½+½+4

28— चार ऐसे राज्यों का नाम बताइए जहाँ विधान–परिषदें हैं? विधान सभा और विधान परिषद् की तुलनात्मक विवेचना कीजिए। 2+4

29— भारत में न्यायपालिका की स्वतंत्रता के किन्हीं दो निर्णायक कारकों का उल्लेख कीजिए। संघात्मक सरकार के लिए स्वतंत्र न्यायपालिका की अनिवार्यता के पक्ष में अपने तर्क दीजिए। 2+4

30— शीतयुद्ध के दो कारणों का उल्लेख कीजिए। शीतयुद्ध के कारणों एवं प्रभावों की विवेचना कीजिए। 2+4

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

31— भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना कब हुई? राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष कौन होता है? इसके कार्यों का उल्लेख कीजिए। 2+2+4

अथवा

गुटनिरपेक्षता का क्या अर्थ है? गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का प्रथम शिखर सम्मेलन किस नगर और किस देश में हुआ था? वर्तमान अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति के सन्दर्भ में इस आन्दोलनकी सार्थकता की विवेचना कीजिए। 2+2+4

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board

Downloaded From :http://cbseportal.com/

32– संयुक्त राष्ट्र संघ की सफलता तथा असफलता के कारणों का उदाहरण सहित उल्लेख कीजिए। विश्व शान्ति की स्थापना में यह कार्य कहाँ तक सफल हुआ है? 4+4

अथवा

पंचशील के चार सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए। भारतीय विदेश नीति की नवीन प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए। 4+4

*****

Downloaded From :http://cbseportal.com/ Courtesy : UP Board